सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 344 | इंदौर, बुधवार 26 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

DGR @ पुष्पेन्द्र पुष्प

## बात मुद्दे की

**बच्चे वो नहीं सीखते जो आप सिखाते हो, बल्कि वो सीखते हैं जो आप करते हो...**

अगर आप ज़िद्दी, अड़ियल, घमंड से लदे होकर बच्चों को समझाओ कि बेटा सबसे विनम्रता के साथ बात करने का? तो बच्चे आप ही को बोल देंगे ए बस न मामू कितना पकाएगा?

आप नहीं चाहते कि आपके बच्चे इंस्टा-फेसबुक पर कैप्शन पढ़ें तो सबसे पहले आप मोबाईल त्यागो....प्रतिदिन किताब पढ़ने बैठ जाओ। अब वो किताब भगवत गीता होगी या मैं नास्तिक क्यों हूँ, ये भी आपको चुनना है, पर कुछ तो चुनो।

### शंकराचार्य सदानंद सरस्वती बोले-

# गोवंश हत्या हृदय विदारक

## हत्यारों की मंशा सामने आनी चाहिए सजा के पात्र एसपी-कलेक्टर नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा/नरसिंहपुर । द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने सिवनी में गो हत्या की घटना पर रोष जताया। उन्होंने कहा, 'घटना हृदय को आघात पहुंचाने वाली है। हत्यारों ने किस उद्देश्य को लेकर यह कृत्य किया, स्पष्ट होना चाहिए।'



उन्होंने कहा, 'सिवनी जिला ब्रह्मलीन जगत गुरु शंकराचार्य जी महाराज की जन्मस्थली है। सिवनी जिले की जनता ने सड़कों पर उतर कर जो विरोध - प्रदर्शन किया है, वह अनुकरणीय है। लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश की जनता ने भाजपा को 29 सीट देकर एक चौंकाने वाला काम किया है। कहीं ऐसा तो नहीं कि हत्यारों द्वारा अब सरकार और हिंदू मतदाता को चिढ़ाने के लिए यह कार्य किया गया हो।'

शंकराचार्य ने कहा, 'अब हिंदू - मुसलमानों का विभाजन कर चुनाव हो रहे हैं। इसके शुरुआती गंभीर परिणाम इस घटना में दिख रहे हैं। अब हिंदुओं की रक्षा का दायित्व प्रदेश और केंद्र सरकार को लेना ही होगा, क्योंकि हिंदुओं का वोट प्रतिशत भाजपा को मिला है। भले ही प्रकरण में आरोपी पकड़ लिए गए हों, लेकिन निंदनीय कृत्य के पीछे इनकी मानसिकता सामने आनी चाहिए।'

उन्होंने यह भी कहा, 'इस घटना में सजा के पात्र कलेक्टर और एसपी नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम का पटाक्षेप तभी होगा, जब अभियुक्तों पर सामूहिक हत्या के लिए कठोर दंड देना सुनिश्चित होगा।'

### ये है पूरा मामला

19 जून को कुछ लोग पिंडारई गांव के पास से बहने वाली वैनगंगा नदी पर गए थे। इन्हें नदी किनारे मवेशियों के शव दिखाई दिए। इसकी जानकारी उन्होंने धनोरा और सुनवारा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने यहां से 26 शव बरामद किए। इसके बाद गुरुवार को धूमा थाना क्षेत्र के ककरतला के जंगल में 28 गोवंश के शव मिले।

जब इन गोवंश का पोस्टमॉर्टम किया गया तो पता चला कि सभी का गला 17 और 18 जून के बीच रेता गया है। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं नागपुर के तीन लोगों को चिह्नित किया है। अभी इनके सिर्फ नाम सामने आए हैं।

हिरासत में लिए गए लोगों में शादाब, वाहिद, इरफान, रामदास उइके, संतोष शामिल हैं। रामदास व संतोष पहले भी पशु तस्करी में जेल जा चुके हैं। वाहिद धनौरा थाना क्षेत्र के ग्वारी गांव का रहने वाला है। शादाब उसका रिश्तेदार है।

### इंदौर-भोपाल हाईवे पर हादसा

## तीन लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । सीहोर में एक तेज रफ्तार कार दूध के टैंकर में जा घुसी। इसके बाद पेड़ से टकरा गई। कार सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक भोपाल के रहने वाले थे। हादसा आष्टा में इंदौर-भोपाल हाईवे पर किलेरामा के पास मंगलवार रात करीब 1 बजे हुआ।

पर्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा ने बताया कि जिस टैंकर में कार पीछे से घुसी वह भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था। हादसे के दौरान कार में सवार महेश ठाकुर (37), रूप सिंह ठाकुर (24) और सुनील मेवाड़ा (28) की मौत हुई है। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा।

# चलती ट्रेन में अवैध वेंडरों के बीच चाकूबाजी, 3 घायल

### कोच में मची भगदड़, चाकू मारने वाले को रतलाम जिला अस्पताल में पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। जम्मूतवी ट्रेन में अवैध वेंडरों के बीच मंगलवार रात 8.45 बजे मारपीट हुई। चलती ट्रेन में एक वेंडर ने तीन वेंडरों को चाकू मारकर घायल कर दिया। रतलाम रेलवे स्टेशन से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।**

जब चाकू मारने का आरोपी भी यहां घायल हालत में पहुंचा तो घायलों के कुछ साथियों ने उसके साथ जिला अस्पताल में मारपीट शुरू कर दी। स्टेशन रोड थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में किया।

रतलाम के राम मंदिर इलाके में रहने वाले उमेश (20) पिता मणिलाल प्रजापत ने बताया कि वह, उसका भाई गोलू उर्फ नरेंद्र (28) निवासी मोतीनगर और मुंहबोली बहन का पति प्रकाश नंदेड़ा(35) निवासी मोती नगर ट्रेन में पॉपकॉर्न बेचते हैं।

मंगलवार को दाहोद (गुजरात) से जम्मूतवी में चढ़े और रतलाम आ रहे थे। रास्ते में रावटी के पास अमरगढ़



और भैरोगढ़ के बीच ट्रेन में आइसक्रीम बेचने वाला दशरथ हम लोगों से विवाद करने लगा। उसने हम तीनों पर चाकू से हमला कर दिया। बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागे। इस दौरान ट्रेन के डिब्बे में भगदड़ की स्थिति बन गई।

### एक महीने से दोनों पक्षों में चल रहा विवाद

ट्रेन, रतलाम स्टेशन के प्लेटफॉर्म 5 पर रात 9.30 बजे आई। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। हालत ज्यादा गंभीर होने पर गोलू को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया। ट्रेन में अवैध रूप से खाने-पीने की चीजें बेचने वाले वेंडरों के बीच 1 महीने से मनमुटाव चल रहा है। घायल प्रकाश की पत्नी आरती ने बताया कि 20 दिन पहले भी दशरथ ने पति के सिर पर रॉड मारी थी। इसके बाद से ही दशरथ और उसका भाई अमृत लगातार विवाद कर रहे हैं।

◆ कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं

# 350 से अधिक आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में मंगलवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना। कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई विकेन्द्रीकृत व्यवस्था के तहत आयोजित हुई। जनसुनवाई में 350 से अधिक आवेदकों ने अधिकारियों के कक्ष में सीधे पहुंचकर अपनी समस्याएं बताई। कलेक्टर आशीष सिंह सहित सभी अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने बीमारी, दिव्यांगता सहित तत्काल मदद के 26 आवेदनों में रेडक्रॉस से तत्काल आर्थिक मदद स्वीकृत की। वहीं अन्य मदद संबंधित आवेदनों को सेवा सेतु एप पर दर्ज कराते हुए अपेक्षित आर्थिक सहयोग के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जन सुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिये।



जन सुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह को फिट्जी में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों ने आवेदन दिया कि उक्त संस्था द्वारा यहां अध्ययनरत करीब 50 बच्चों की फीस जमा करा ली गई है लेकिन शिक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। संस्था की ओर संतोषप्रद जवाब भी नहीं दिया जा रहा है और ना ही जमा फीस वापस लौटाई जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने संस्था की जांच करते हुए फीस वापसी हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई में निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को वाहन में क्षमता से अधिक परिवहन करने की शिकायत की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने प्राप्त आवेदन पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे वाहनों पर कार्यवाही हेतु अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल के लिए परिवहन करने वाले वाहन में बच्चों को स्कूल नहीं भेंजे। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया ऐसे वाहनों के परिवहन संबंधित दस्तावेजों एवं चालक की जानकारी जांच कर ही बच्चों को ऐसे वाहनों में परिवहन कराए। कलेक्टर आशीष सिंह ने एक नाइजीरियन व्यक्ति द्वारा विद्यालय संचालित करने में स्थानीय व्यक्तियों द्वारा परेशान करने संबंधित आवेदन पर संबंधित एसडीएम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से आमजन को मिलेगी सुविधा

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया जन सुनवाई में कई विवाद संबंधित आवेदनों के निराकरण हेतु मिडियेशन के माध्यम से निराकरण की पहल की जा रही है। उन्होंने बताया जन सुनवाई के कई आवेदन ऐसे आते है जिसमें सिविल कोर्ट संबंधित प्रकरण जैसे मकान विवाद, कब्जे के निराकरण में राजस्व न्यायालय की सीमा की बाध्यता रहती है ऐसे आवेदनों के निराकरण हेतु लीगल एड क्लीनिक प्रारंभ किया गया है। इसमें लीगल एक्सपर्ट उपस्थित रहकर आवेदकों को आवश्यक दिशा निर्देश, कानूनी सलाह और मदद आदि दिलाने का कार्य कर रहे है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले-

# राहुल गांधी को आपातकाल के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक लगाए गए आपातकाल का विरोध करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम वर्मा ने संबोधित किया। वर्मा ने बताया की आपात काल की अवधि में उन्हें भी गिरफ्तार किया गया और धार, रतलाम और इंदौर की जेल में रखा गया। उन्हें और उनके जनसंघ के साथी कार्यकर्ताओं को अवर्णनीय यातनाएं दी गई। इस अवधि में कई परिवार बर्बाद हो गए। आपातकाल लगाने के लिए जिन स्थितियों की जरूरत होती है, उस समय भारत में वैसी कोई स्थिति नहीं थी फिर भी इंदिरा गांधी ने अपने कैबिनेट की अनुमति, अनुमोदन के बिना, बिना किसी को बतलाए आपातकाल लागू कर दिया था, इस कारण प्रेस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी। संजय गांधी ने नसबंदी कानून लागू करने के लिए विभत्स तरीके से जनता को प्रताड़ित किया।



आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किए गए जनसंघ नेताओं और कार्यकर्ताओं को गलत माफिनामों पर हस्ताक्षर के लिए बाध्य किया गया, लेकिन किसी ने उसे स्वीकार नहीं किया गया। कुछ नेताओं को पैरोल पर छोड़ा गया और उनके पीछे पुलिस और सीआईडी लगाई गई ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। जिस समय उन्हें को पैरोल पर छोड़ा गया उस समय कांग्रेस के कार्यकर्ता उनसे मिले और बोले की हम स्वयं आपातकाल से परेशान है, कैसे भी करके चुनाव करवाइए, हम आपको जिताएंगे। जिस समय उन्होंने खरगोन चुनाव लड़ा उन्हें जनता ने गुप्त रूप से सहायता की। वर्मा ने राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की बात का जिक्र किया, वे कहते है की मोदी सरकार में दस वर्षो से आपातकाल चल रहा है इस पर वर्मा ने कहा कि कांग्रेस पर आफतकाल चल रहा है। भारत में आपातकाल नहीं, राहुल गांधी को देश के सामने अपनी दादी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए क्षमा मांगनी चाहिए। उस पर खेद व्यक्त करना चाहिए कि उनकी दादी ने देश पर आपातकाल लगाने का काम किया था। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी मोघे, वरिष्ठ नेता बाबू सिंह रघुवंशी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, नगर महामंत्री सविता अखंड सहित नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

## संस्था पर 21 हजार का फाइन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सांसद शंकर लालवानी की लोक संस्कृति मंच संस्था पर नगर निगम ने 21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। निगम ने संस्था के कार्यालय पर चालान भेजा गया है। दरअसल यहां मालवा उत्सव चल रहा था। मेला समाप्त होने के बाद संस्कृति मंच ने परिसर में ही गंदगी छोड़ दी थी। सुबह सफाई के दौरान परिसर में टूटे डिब्बे, फटे फ्लैक्स आदि फैला हुए था। इस मेले में 100 से ज्यादा स्टॉल लगे थे। उनमें से कुछ स्टॉल का कचरा यहां पड़ा था। इसके बाद निगम ने संस्था को 21 हजार रु. अर्थ दंड का नोटिस भेजा है। हालांकि अभी इसका भुगतान नहीं हुआ है।

### एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जनजातीय क्षेत्रों में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु पारंपरिक तरीके व जड़ी बूटियों के उपयोग से इलाज करने के तौर तरीकों के संबंध में कॉन्सेप्ट नोट तैयार किया जाएगा। इसके लिए जनजातीय क्षेत्रों में उपचार की विधि और उसमें वनोपज के महत्व और उपयोग संबंधित जानकारी और ज्ञान को साझा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन होगा। संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में इसके संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी पी.सी. दुबे ने उक्त कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य और पूरी परिकल्पना पर विस्तृत से जानकारी दी।

### नशामुक्ति जनजागरण अभियान चलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पहचान नशामुक्ति केंद्र, अष्टचक्र मेंटल हेल्थ एंड डी-एड़ीक्शन रिसर्च इन्स्टीट्यूट, नेशनल डी-एड़ीक्शन सेंटर एसोसिएशन और मध्यप्रदेश खेल एवं योग कल्याण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पहचान नशा मुक्ति केंद्र के परिसर में मंगलवार को जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे प्रशिक्षक ख्याति जैन ने योग का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम मे मुख्य अथिति नारकोटिक्स एसपी हेमलता अग्रवाल, मध्य प्रदेश खेल एवं योग कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष शैलेंद्र जैन, कुलदीप पंवार, नमो ग्रुप की जिला अध्यक्ष अरुणा नायडू, ज्योति ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता शफ़ी शेख , सामाजिक न्याय विभाग के सुनील लाखरे, अष्टचक्र मेंटल हेल्थ एंड डी-एड़ीक्शन रिसर्च इन्स्टीट्यूट के रजत नागदा एवं डॉ. धरमवीर सिंह माहौर मौजूद थे। इनके साथ ही नव निर्माण नशा मुक्ति केंद्र के उमेश वैष्णव, निर्माण नशा मुक्ति केंद्र के नवनीत साहू, तपस्या नशा मुक्ति केंद्र के वैभव मिश्रा एवं श्री शुद्धि नशा मुक्ति केंद्र के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इशाक खान ने की ।

### संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में आयोजित होंगे मेगा हेल्थ कैम्प

**इंदौर।** संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन होगा। इन हेल्थ कैम्प में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। इन मेगा हेल्थ कैंप के आयोजन के संबंध में संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह, सेवानिवृत्त आईएफएस पी. सी. दुबे , अपर आयुक्त श्रीमती जमुना भिड़े, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास, एमजीएम मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित, नन्दकुमार चौहान मेडिकल कॉलेज खंडवा के संजय दादू सहित अन्य निजी चिकित्सालयों के प्रबंधक, वरिष्ठ चिकित्सकगण उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने मेगा हैल्थ कैम्प के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने संबंधित निर्देश दिए तथा मेगा हैल्थ कैम्प की तैयारियां पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि हैल्थ कैम्प में कैंसर, सिकलसेल, टीबी, लेप्रोसी, सिलोकोसिस, दंत, नेत्र सहित अन्य गंभीर बीमारियों और प्रभावितों का स्वास्थ्य परीक्षण, विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच तथा दवाओं का वितरण किया जाए। शिविर में चिन्हांकित विभिन्न बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के इलाज, ऑपरेशन आदि की आगे की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

# नए मास्टर प्लान का स्वरूप क्या होगा कोई सुनने, समझने और बताने को भी तैयार नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के पुराने मास्टर प्लान के अनुभव तो पीड़ादायी रहे ही हैं, नए मास्टर प्लान में क्या कुछ हो रहा है - यह भी किसी को नहीं मालूम है। कोई सुनने, समझने और बताने को भी तैयार नहीं है कि नए मास्टर प्लान का स्वरूप क्या होगा।**

इस विसंगति के बीच संस्था सेवा सुरभि ने रानी सराय स्थित इंडियन काफी हाउस में शहर के प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक एवं अन्य तकनीकी संस्थानों के प्रमुख पदाधिकारियों को आमंत्रित किया और नए मास्टर प्लान में किन-किन प्रावधानों को शामिल किया जाना चाहिए, इस पर विचार मंथन कर उनके सुझाव भी प्राप्त किए। इस बैठक में शहर के इंजीनियर्स, नगर नियोजक, मंडी अध्यक्ष, क्रेडाई, ट्रांसपोर्ट एवं यातायात से जुड़े विशेषज्ञों से लेकर जल प्रबंधन




के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों ने सार्थक चर्चा की। सभी ने एक स्वर में यही निष्कर्ष व्यक्त किया कि शहर के बढ़ते हुए क्षेत्रफल, जनसंख्या, वाहनों की संख्या, औद्योगीकरण, एज्युकेशन हब, एवं शहर के सटे 20-25 किलोमीटर तक के क्षेत्रों में हो रहे विकास को देखते हुए शासन को नए मास्टर प्लान का प्रारूप पहले आम जनता के समक्ष रखना चाहिए और उसके बाद ही उस पर क्रियान्वयन होना चाहिए। वक्ताओं ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि पुराने मास्टर प्लान की क्रियान्वयन रिपोर्ट आज तक सामने नहीं आई, न ही 2042 तक का वास्तविक जनसंख्या का अनुमान सामने आया है और दावा किया जा रहा है कि नया मास्टर प्लान बना रहे हैं। पिछले तीन वर्षों से शहर के विभिन्न संगठनों द्वारा नए मास्टर प्लान को लेकर अनेक बैठकों में, प्रतिनिधि मंडलों को और मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री से लेकर सभी वरिष्ठ अधिकारियों तक को अनेक प्रतिवेदन सौंपे जा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं होने की स्थिति में संस्था सेवा सुरभि ने रविवार को आयोजित इस बैठक में मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं पर खुली चर्चा की। संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा ने कहा कि शहर के नए मास्टर प्लान को लेकर काफी दिनों से विषय विशेषज्ञों एवं शहर के हित में सोचने वाले लोगों द्वारा विचार मंथन किया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी भी तरह की निर्णायक स्थिति नहीं बन पा रही है, इसीलिए आज शहर के इन प्रमुख संगठनों के जागरूक लोगों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में टाऊन प्लानर एसोसिएशन की अध्यक्ष दीप्ति व्यास ने कहा कि नए मास्टर प्लान को शहर के मेट्रोपोलिटिन रीजन, पर्यावरण, ट्रांसपोर्टेशन, इम्पलीमेंटेश जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार करने के बाद ही लागू करना चाहिए। मास्टर प्लान का पालिसी डाक्यूमेंट भी होना चाहिए। शहर के विकास कार्यों की योजना इस ढंग से होना चाहिए कि स्थित के अनुसार उनमें बदलाव किए जा सकें। मकानों के नक्शे भी कागजों पर कुछ और होते हैं धरातल पर कुछ और। इंडियन इंस्टीट्यूज आफ आर्किटेक्ट के इंदौर चेप्टर के आर्किटेक्ट गुंजन डोंगरे ने कहा कि मास्टर प्लान के माइक्रो लेवल वाले प्रावधानों पर ध्यान देना होगा। अब तक के मास्टर प्लान में यह बिन्दु शामिल नहीं है।

## 29 जून से स्पेशल किराए के साथ चलेगी कटरा सुपरफास्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। यात्रियों की सुविधा एवं उनकी मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के डॉ. अम्बेडकर नगर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा के मध्य गाड़ी संख्या 09321/09322 डॉ. अम्बेडकर नगर श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 12 फेरे स्पेशल किराया के साथ चलेगी। गाड़ी संख्या 09321 डॉ. अम्बेडकर नगर श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा स्पेशल 29 जून से 10 जुलाई प्रति सोमवार, बुधवार और शनिवार को डॉ. अम्बेडकर नगर से 10.30 बजे चलकर रतलाम मंडल के इंदौर (10.55/11.05), देवास (11.40/11.43), उज्जैन (12.30/12.55), मक्सी (13.35/13.37), बेरछा (13.48/13.50), अकोदिया (14.20/14.21), शुजालपुर (14.34/14.36), कालापीपल (14.48/14.49) एवं सीहोर (15.15/15.17) होते हुए आरंभिक स्टेशन से गाड़ी परिचालन के अगले दिन 16.00 बजे श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09322 श्रीमाता वैष्णो कटड़ा डॉ. अम्बेडकर नगर सुपरफास्ट स्पेशल 30 जून से 11 जुलाई तक श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा से प्रति मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार को 21.40 बजे चलकर रतलाम मंडल के सीहोर (19.05/19.07), कालापीपल (19.32/19.33), शुजालपुर (19.45/19.47), अकोदिया (20.00/20.01), बेरछा (20.30/20.32), मक्सी (20.45/20.47), उज्जैन (21.30/21.55), देवास (22.40/22.42) एवं इंदौर (23.15/23.20) होते हुए आरंभिक स्टेशन से गाड़ी प्रस्थान के अगले दिन 23.50 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर पहुँचेगी।

# आधा इंच बारिश में ही शहर के कई इलाके तालाब बन गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में मानसून के आगमन के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई है। दो दिन की बारिश में जलजमाव की समस्या सिर उठाने लगी है। इंदौर नगर निगम भले ही कितने ही दावे करे, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी तैयारी अधूरी है।**

पिछले साल भी जलजमाव की वजह से लगभग पूरा इंदौर शहर डूब गया था। निगम के जिम्मेदारों ने उस वक्त शहर की जनता को विश्वास दिलाया था कि सब कुछ सुधार लिया जाएगा। हालत यह है कि तीन दिन पहले हुई मामूली बारिश में ही जगह-जगह जलजमाव की समस्या सिर उठाने लगी। गली-मोहल्ले ही नहीं मुख्य मार्गों पर भी पानी जमा हो गया। ये हालत तब हैं जब वर्षा अभी बस शुरू हुई है। आधा इंच वर्षा में ही जब इंदौर के कई क्षेत्र तालाब का रूप ले रहे हैं, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि 24 घंटे भारी बारिश होने पर स्थिति कितनी



भयावह होगी। पिछले साल इंदौर शहर में जलजमाव की समस्या हुई थी। तब ही नगर निगम के अधिकारियों को इस बात का अनुमान लग गया था कि जल्द ही स्थिति नियंत्रित नहीं की गई तो अगले साल गंभीर समस्या होगी। हालत यह है कि वर्तमान में शहर की ज्यादातर सड़कें खोदी पड़ी हैं। पूर्वी क्षेत्र में मेट्रो रेल का काम चल रहा है, जिसके कारण ज्यादातर हिस्सा बंद है। इधर पश्चिम में भी लगभग सभी सड़कें खुदी पड़ी हैं। इंदौर नगर निगम को पता था कि बारिश में बदहाल सड़कों की वजह से जनता परेशान होती है। इसके बाद भी सुधारने की कोई कवायद नहीं की।

# थाने पर झूठी शिकायत का आरोप

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में मोईन खान नामक युवक की प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की गई थी। जिसको लेकर आजाद नगर पुलिस ने हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया गया है ।वही मृतक के घर के पास में रहने वाले अमन खान नामक युवक के द्वारा इंदौर कमिश्नर को लिखित शिकायत की गई है ।कि मोइन खान की मां और उसके परिजनों के द्वारा जबरन मुझे अपने बेटे की हत्या में शामिल करने का षड्यंत्र रचते हुए मेरे खिलाफ झूठी- शिकायत थाना आजाद नगर पर की जा रही है जबकि मोइन खान की हत्या के बाद पुलिस के द्वारा अमन खान को भी पुलिस ने पूछताछ



के लिए थाने बुलाया गया था । पूछताछ के दौरान किसी भी प्रकार का कोई साक्ष्य अमन के खिलाफ नहीं मिला था । जिसको लेकर पुलिस के द्वारा अमन को क्लीन चिट दे दी गई थी तब से ही मृतक की मां के द्वारा अमन पर झूठी शिकायत कर फसाना की कोशिश की जा रही है ।वही अमन के द्वारा बताया गया कि मुझे और मेरे परिवार को मोइन खान के परिवार की ओर से जान से मारने की धमकियां भी मिल रही है ।मेरे द्वारा मुख्यमंत्री गृहमंत्री राज्यपाल इंदौर कमिश्नर के साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर भी इसकी शिकायत की गई है एवं मांग की गई है कि जिस प्रकार मुझ पर झूठे मुकदमे मृतक की मां के द्वारा लगवाए जा रहे हैं इसकी निष्पक्ष जांच की जाए एवं मुझे सुरक्षा प्रदान करते हुए जो भी मेरे खिलाफ इस षड्यंत्र में शामिल है उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए

## टब में औधें मुंह गिरी 11 माह की मासूम, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ में रहने वाली 11 माह की एक बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बच्ची की मां उसे नहालने के बाद टब के पास छोड़ गई थी। 5 मिनट बाद जब टॉवेल लेकर आई तो बच्ची टब में औधे मुंह गिरी पड़ी थी। पुलिस के मुताबिक बच्ची का नाम जोई उम्र 11 माह है। पिता संदीप जोगेश्वर ने बताया कि उनकी पत्नी ने बेटी को नहलाया था। वह टॉवेल पास में रखना भूल गई थी। वह नहलाने के बाद टॉवेल लेने गई तो बेटी इधर-उधर घूमने लगी। उसका संतुलन बिगड़ा और वह टब में औंधे मुंह गिर गई। इससे नाक के जरिए फेफड़ों में पानी भरा गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

**मोहन यादव सरकार का बड़ा फैसला**

# 52 साल बाद अब सीएम, मंत्री अपनी जेब से भरेंगे अपना इनकम टैक्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने 52 साल पुराना नियम बदल दिया है। अब राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को अपनी आय पर आयकर अपनी जेब से चुकाना होगा। इसमें अब तक सरकारी खजाने से जो मदद मिलती थी, वह आगे नहीं मिल सकेगी। यानी जनता की जेब से टैक्स वसूलकर मंत्रियों का टैक्स चुकाने के नियम को खत्म कर दिया गया है।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ही कैबिनेट के सामने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वेतन-भत्तों पर लगने वाले आयकर को राज्य सरकार के खजाने से भरने के नियम को बदलने का प्रस्ताव किया। मंत्रियों ने मेज थपथपाकर इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और मंजूरी दी। इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद अब मुख्यमंत्री और मंत्री को मिलने वाले वेतन और भत्तों पर लगने वाले आयकर को उन्हें ही अपनी जेब से भरना होगा। इससे पहले 1972 में बना नियम लागू था। इसके तहत मुख्यमंत्री और मंत्रियों को मिलने वाले वेतन-भत्तों पर टैक्स राज्य सरकार के खजाने से चुकाया जाता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि हमने निर्णय किया है कि हमारे मंत्रीगण अपना स्वयं का आयकर चुकाएंगे। इसके लिए वे शासन से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेंगे। इस दृष्टि से 1972 के नियम में बदलाव किया जा रहा है।



### जाने कितना है सीएम और मंत्रियों का वेतन

मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, मंत्री, विधानसभा उपाध्यक्ष और राज्यमंत्री का आयकर जमा करने के लिए बजट में एक करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसमें करयोग्य राशि का आकलन करने के बाद संबंधित वेतन से टैक्स की कटौती के बाद यह राशि विभाग द्वारा अब तक लौटाई जाती थी। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री का वेतन और भत्ते करीब दो लाख रुपये है। कैबिनेट मंत्रियों को 1.70 लाख रुपये के वेतन-भत्तों के रूप में मिलते है। राज्य मंत्रियों को 1.45 लाख रुपये प्रति माह और विधायकों को 1.10 लाख रुपये प्रतिमाह वेतन मिलता है। इसमें बेसिक, सत्कार भत्ता, निर्वाचन क्षेत्र भत्ता और दैनिक भत्ता शामिल है।


### शहीद के माता-पिता को मिलेगी 50% सहायता राशि

कैबिनेट ने एक अन्य निर्णय लिया है कि प्रदेश में सेना, केंद्रीय पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ ही पुलिस के किसी जवान की शहीद पर दी जाने वाली सहायता राशि का पचास प्रतिशत पत्नी या जीवनसाथी को दिया जाएगा। वहीं, बचा हुआ 50 प्रतिशत जवान के माता-पिता को दिया जाएगा। अब तक 100 प्रतिशत राशि जीवनसाथी को दी जाती थी। कैबिनेट के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाती है। कुछ मामलों में देखने में आया है कि जवान की पत्नी को तो आर्थिक मदद मिल जाती थी लेकिन उसके माता-पिता तरस जाते थे। इसी वजह से यह नियम बदला गया है। इस फैसले पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कई मामलों में माता-पिता को कठिनाई आ रही थी, जिसे दूर करने की व्यवस्था की गई है।

### आज कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए...

हमने निर्णय किया है कि हमारे मंत्रीगण इनकम टैक्स की दृष्टि से स्वयं का व्यय करेंगे, वह शासन से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेंगे। आयकर की दृष्टि से 1972 के नियम में बदलाव हो रहा है।

## नर्मदा जल की पाइपलाइन फूटने से हजारों गैलन पानी बहा, 50 फुट के फव्वारे में आसपास के पत्थर भी उड़े



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन।** खरगोन जिले के कसरावद ब्लॉक के लोहारी ग्राम के अंतर्गत जामला पंप हाउस के पास से गुजर रही नर्मदा जल की पाइपलाइन मंगलवार सुबह फूट गई। इंदिरा सागर परियोजना की यह पाइपलाइन इस स्थान पर किसानों के खेतों के पास से गुजर रही थी, जिसके चलते पाइपलाइन से पानी का बड़ा सा फव्वारा फूट पड़ा और किसानों के खेतों में हजारों गैलन पानी बह गया। यह पानी नर्मदा जल का पीने का साफ पानी था जो व्यर्थ बह गया। वहीं इसके चलते करीब 50 फीट से भी अधिक की ऊंचाई तक पानी का फव्वारा बनता दिखा, जिसके वेग में आसपास के पत्थर भी उछलकर दूर गिरते दिखाई दिए ।

इधर इतनी ऊंचाई का पानी का फव्वारा देख आसपास के किसान मौके पर पहुंचे, जहां पाइपलाइन फूटने के चलते बह रहे पानी को खेतों में घुसते देख किसानों में गुस्सा देखा गया और वे इसके जिम्मेदारों को कोसते नजर आए। बता दें कि किसानों ने खेतों में बोवनी कर रखी थी, जोकि इतनी अधिक मात्रा में पानी बहने के चलते उनकी लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो गई। हालांकि कुछ देर बाद सूचना मिलते ही मौके पर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी पहुंचे, जिन्होंने पंप को बंद कराया। लेकिन तब तक बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह कर फसलों को नुकसान कर चुका था। वहीं इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं।

## सरकार का विरोध करने दिल्ली जाएंगे युवा कांग्रेस, बीजेपी मुख्यालय में सौंपेंगे घोटाला कर्मठ अवॉर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की परीक्षाओं में लगातार हो रही गड़बड़ी को लेकर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है। अब दिल्ली तक जाने की तैयारी कर ली है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने बताया कि केंद्र और मप्र की भाजपा सरकार में नीट, नर्सिंग, व्यापमं, पटवारी, डीमेट जैसे अनेक महाघोटाले हुए हैं, जिससे छात्र का भविष्य अंधकारमय है। सरकार की शिक्षा नीति शिक्षा माफियाओं की कठपुतली बनी हुई है। मप्र के युवाओं ने आक्रोशित होकर भाजपा को 'घोटाला कर्मठ अवॉर्ड' से सम्मानित करने का फैसला किया है।

बता दें कि 27 जून को मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश भर के हजारों युवा दिल्ली पहुंचकर केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों और शिक्षा माफियाओं के विरोध में जंगी प्रदर्शन कर संसद भवन का घेराव करेंगे और घोटाला कर्मठ अवॉर्ड भाजपा मुख्यालय को सौंपेंगे। त्रिपाठी ने बताया कि मप्र में नर्सिंग महाघोटाले को दबाने के लिए भाजपा सरकार प्रयासरत है। परंतु आगामी विधानसभा सत्र में कांग्रेस का विधायक दल इस मामले को लेकर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर चुका है। एक तरफ भाजपा सरकार दोषी तत्कालीन मंत्री और अधिकारियों को बचाने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इतना ही नहीं उक्त संबंध में सबूत और



दस्तावेजों मिटाने के लिए मंत्रालय में आग तक लगवा दी गई।

### बड़े अधिकारियों को बचाने कर्मचारियों पर कर रहे कार्रवाई

विवेक त्रिपाठी ने कहा है कि अधिकारियों पर आंच न आए, इसलिए छोटे कर्मचारियों पर दिखावटी कार्रवाई कर घोटाले पर पर्दा डालने की साजिश रची जा रही है। विगत दिवस नर्सिंग काउंसिल की पूर्व रजिस्ट्रार चंद्रकला दिवगैया को जब सेवा से बर्खास्त किया गया तो उन्होंने मीडिया को एक बयान जारी कर बताया कि उन्हें उच्च अधिकारियों द्वारा फर्जी नर्सिंग कॉलेज में जांच की कार्रवाई करने से रोका जाता था। त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुये कहा कि वहीं वरिष्ठ अधिकारी आज तक उन्हीं पदों पर काबिज हैं, उनसे प्रदेश की भाजपा सरकार कब पूछताछ करने वाली है? दुख का विषय है कि मप्र में शिक्षा माफिया इतना मजबूत है कि न्यायालय द्वारा सीबीआई से कराई जाने वाली जांच को भी खरीद-फरोख्त कर जांच को प्रभावित कर रहा है।

## शिवपुरी में बाल-बाल बचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, आभार सभा में टेंट गिरने से मचा हड़कंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की कार्यक्रम में बड़ा हादसा देखने को मिला है। सिंधिया के कार्यक्रम के दौरान बारिश की वजह से मंच का टेंट गिर गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया सहित उनके समर्थक नेता और विधायक बाल-बाल बच गए। समर्थकों ने तत्काल सिंधिया को मंच से उतारकर गाड़ी में बैठाया और उसके बाद कार्यक्रम की बिजली सप्लाई को बंद कराया। इस घटना के बाद सिंधिया के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया प्रचंड बहुमत से जीतने के बाद मंगलवार को पहले दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र गुना और शिवपुरी में पहुंचे थे। सिंधिया गुना से शिवपुरी में प्रवेश हुए और उसके बाद भारी जन समर्थन के बीच उन्होंने जनता का आशीर्वाद लिया। शाम के वक्त सिंधिया की सभा शहर की माधव चौक पर हो रही थी। इसी दौरान तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। मंच पर सिंधिया सहित उनके समर्थक और विधायक गण मौजूद थे। देखते ही देखते अचानक तेज हवा आने लगी और उसके बाद मंच का टेंट गिर गया। समर्थकों ने सिंधिया को चारों तरफ से घेर लिया और सुरक्षित होने बाहर निकाल दिया। घटना के बाद कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। सिंधिया शिवपुरी से सीधे ग्वालियर पहुंचे। जहां वह रात लगभग 11 बजे दिल्ली के लिए ट्रेन से रवाना हो जाएंगे।



## घर में गर्भवती पत्नी की लाश पेड़ पर लटका मिला पति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** जिले के आनंदपुर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। दोनों में आपसी विवाद के बाद पति का शव पेड़ पर लटका मिला तो वहीं पत्नी घर में मृत पाई गई। घटना रविवार रात करीब 10 बजे की है। दोनों ने 5 माह पहले ही घर से भागकर प्रेम विवाह किया था।

लटेरी एसडीओपी अजय मिश्रा ने बताया कि ग्राम पीकलोन निवासी 28 वर्षीय कमलेश जोशी अपनी पत्नी रुक्मणी प्रजापति के साथ आनंदपुर ट्रस्ट अस्पताल में जांच कराने आए थे। ऐसा बताया गया कि रुक्मणी गर्भवती थी। आनंदपुर अस्पताल में जांच करवाने के बाद कमलेश पत्नी रुक्मणी को लेकर आनंदपुर में ही अपने मामा रामस्वरूप जोशी के घर आ गए। रात में ही दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उसके बाद कमलेश ने घर के पास ही पुराने थाना क्षेत्र के परिसर में लगे पेड़ पर फांसी लगा ली। वहीं उसकी पत्नी घर के कमरे में ही मृत अवस्था में मिली। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि विवाद में पत्नी की हत्या के बाद कमलेश ने भी फांसी लगा ली, हालांकि पुलिस साफ तरह से कुछ नहीं कह पा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही रुक्मणी की मौत की सही वजह पता चलेगी। एसडीओपी ने बताया कि कमलेश जब नाबालिग था, तब एक हत्या के मामले में पहले ही 9 माह जेल काट कर आया था। जेल से आने के बाद ही उसने ग्राम रुसल्ली साहू निवासी रुक्मणी प्रजापति से घर से भाग कर विवाह किया।

## मंत्री के बयान के बाद खून निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा आदिवासियों के डीएनए को लेकर दिए गए बयान के बाद रतलाम में आदिवासी छात्र संगठन ने प्रदर्शन किया। साइंस एंड आर्ट्स कॉलेज के बाहर शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपना खून निकालकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा- निकाला गया खून राजस्थान के शिक्षा मंत्री को डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जाएगा।

# संपादकीय


## लगातार हमले ने बढ़ाई चिंता

नक्सल प्रभावित इलाके में हालात अब भी बेहद संवेदनशील हैं और इस जटिल समस्या पर काबू पाने के लिए किए गए तमाम उपायों के बावजूद नक्सली समूहों की ओर से पेश चुनौती से पार पाना मुश्किल बना हुआ है। यह स्थिति तब है जब अक्सर सुरक्षा बलों की ओर से चलाए गए अभियानों में नक्सली मारे जाते हैं और अन्य स्तर पर कार्रवाई की जाती है। करीब दो महीने पहले छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया था। छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटने के लिए सरकार ने कई स्तर पर अभियान चला रखा है। सुरक्षा बलों के विशेष दस्ते से लेकर हर पल निगरानी और खुफिया तंत्र की चौकसी के दावे के साथ नक्सली समूहों और उनके हमलों को नाकाम करने और उनका सफाया करने की बातें बहुत लंबे समय से की जाती रही हैं। मगर आज भी हालत यह है कि आए दिन नक्सल प्रभावित इलाकों से जब सुरक्षा बलों का गुजरना होता है, तो उन पर कभी भी हमला होने की आशंका बनी रहती है। रविवार को राज्य के सुकमा जिले में स्थित एक शिविर से 'कोबरा वाहिनी' आगे अपने रास्ते जा रही थी। मगर वहां नक्सलियों ने बारूदी सुरंगों में आइईडी यानी परिष्कृत विस्फोटक यंत्र लगा रखे थे। वहां हुए विस्फोट में 'कोबरा' के दो जवान शहीद हो गए और कई बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना के दो दिन पहले भी छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों की एक टुकड़ी ने सुरक्षाबलों के शिविर पर हमला किया था, लेकिन तब जवानों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया था। सरकार का दावा है कि अब राज्य में नक्सली समूहों पर नकेल कसा जा चुका है और उनका प्रभाव बहुत छोटे इलाके में ही सीमित रह गया है। विडंबना यह है कि व्यापक तलाशी अभियानों और संदिग्ध नक्सलियों के मारे जाने के बावजूद आज भी नक्सली हमलों में सुरक्षा बलों के जवानों की जान जा रही है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नक्सलियों के कहर से निपटने और एक ठोस और स्थायी हल निकालने के लिए जितनी अहम उनके खिलाफ सुरक्षा बलों की सख्ती और कार्रवाई है, उसके समांतर इस समस्या के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं में छिपे मूल स्रोत का हल निकालना भी जरूरी है।

**अर्ज किया है..!**

*न जाने हम से गिला क्यूँ है*
*तिश्ना-कामों को*
*हमारे हाथ में मय थी न*
*दौर-ए-साग़र था*

*- ज़हीर सिद्दीक़ी*




## ज्ञान-विज्ञान

# प्रकृति ने भी बनाई है लक्ष्मण रेखा, इसके दोनों तरफ की दुनिया एकदम अलग!

जब-जब हमें लगता है कि हम प्रकृति को समझ गए हैं, तभी प्रकृति हमें समझा देती है कि इसके रहस्य, इंसान की सोच से कहीं गहरे हैं. आपने रामायण में लक्ष्मण रेखा के बारे में सुना होगा. इस रेखा को लक्ष्मण जी ने सीता जी की रक्षा के लिए बनाया था, और इसे कोई लांघ नहीं सकता था.

क्या आप जानते हैं एक ऐसी ही लक्ष्मण रेखा धरती पर बनी हुई है, जो दिखाई तो नहीं देती, लेकिन अपने अस्तित्व का अहसास ज़रूर करवा देती है. इस रेखा को लांघने की गलती न आकाश में उड़ता कोई पक्षी करता है और ना समुद्र में तैरने वाली मछलियां.

यहां तक कि जमीन पर रहने वाले जानवर भी इस लकीर को पार नहीं करते. इस रेखा के दोनों तरफ की दुनिया बिल्कुल अलग है. आइए जानते हैं कि ये रहस्यमयी अदृश्य रेखा कहां है और कैसी है इसके आस-पास की दुनिया?

इंडोनेशिया के दो द्वीपों के बीच, एक ऐसी रेखा है, जो रियल भी है और वर्चुअल भी. रियल इसलिए क्योंकि इसका होना इसके आसपास की दुनिया में साफ दिखता है. और वर्चुअल इसलिए, क्योंकि ये रेखा दिखाई ही नहीं देती. इस रेखा का नाम है वालेस लाइन (Wallace Line), जिसे आप प्रकृति की लक्ष्मण रेखा कह सकते हैं. ये वालेस लाइन बाली (Bali) और लोम्बोक(Lombok) के बीच है. इन दोनों



आइलैंड के बीच, करीब 35 किलोमीटर की दूरी है और बीच में है समंदर. ये रेखा इसी जगह है.

### दोनों द्वीपों पर अलग-अलग दुनिया

वालेस लाइन मलय द्वीपसमूह (Malay Archipelago) और इंडो-ऑस्ट्रेलियाई द्वीपसमूह (indo-australian archipelago) में रहने वाले जीवों को अलग करती है. मलय द्वीपसमूह पृथ्वी पर द्विपों का सबसे बड़ा समूह है. पश्चिमी तरफ जो जीव हैं वो एशियाई हैं, जैसे गेंडा, हाथी, टाइगर और कठफोड़वा जैसे पक्षी. लेकिन रेखा के दूसरी तरफ, इनमें से कोई भी नजर नहीं आता. यानी, यहां के जानवर दूसरी तरफ से एकदम अलग हैं. यहां की परिस्थितिकी, यानी ecology एकदम अलग है. यहां आपको दिखेंगे marsupial mammals, komodo dragons, cockatoos जैसे जानवर. वैज्ञानिक इसे biogeographic boundary कहते हैं. यानी जैव विविधता के दो ऐसे इलाकों का मिलन, जो एकदम अलग और बेहद अनोखे हैं. इस वालेस लाइन को यहां बहुत ही बारीकी से महसूस किया जाता है. अब सवाल आता है कि ये लाइन कैसे बनी और यहां की प्रजातियां एक दूसरे से इतनी अलग कैसे हैं.

### किसने खोजी Wallace Line?

इस लाइन को सबसे पहले 1859 में British naturalist Alfred Russel Wallace ने समझा था, जिन्होंने चार्ल्स डार्विन (Charles Darwin) के साथ ही स्वतंत्र रूप से प्राकृतिक चयन द्वारा Theory of Evolution पेश किया था. हालांकि इस रेखा को ये नाम अंग्रेजी जीवविज्ञानी और मानवविज्ञानी T.H. Huxley ने दिया था. इस खोज ने उन्हें Father of biogeography के रूप में स्थापित किया.

वालेस जब मलय द्वीपसमूह की यात्रा कर रहे थे, तो वह यहां के सभी द्वीपों पर घूमे और उन्होंने यहां मौजूद हर तरह की प्रजातियों को समझा और उन्हें कलेक्ट किया. जब वो बाली से लोम्बोक की तरफ गए, तो उन्होंने कुछ अजीब महसूस किया. दोनों द्वीपों को भले ही एक पतली जलधारा अलग करती हो, लेकिन दोनों तरफ के जानवर एकदम अलग थे.

New Delhi

# सड़कें खराब हैं तो टोल टैक्स लेना गलत, लोग भड़केंगे ही, नितिन गडकरी की दो टूक

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी खराब सड़कों पर टोल वसूलने वालों पर खासे नाराज नजर आए। उनका कहना है कि अगर अच्छी सड़कें और सेवाएं मुहैया नहीं कराई जा रहीं, तो टोल टैक्स वसूलना गलत बात है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने टोल प्लाजा पर लगने वाली कतारों पर भी चिंता जाहिर की। हालांकि, खबरें हैं कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी NHAI नई व्यवस्था के तहत टोल गेट्स हटाने की तैयारी कर रहा है।

सैटेलाइट बेस्ड टोलिंग पर आयोजित वर्कशॉप में शामिल हुए गडकरी ने टोल टैक्स पर खुलकर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, 'अगर आप अच्छी सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं तो आपको टोल चार्ज नहीं करना चाहिए...। हम यूजर फीस लेने और अपने हितों की रक्षा के कारण टोलिंग करने में जल्दी में रहते हैं। जब किसी सड़क की स्थिति अच्छी नहीं होती, तो मेरे पास कई शिकायतें आती हैं और सोशल मीडिया पर कई पोस्ट हैं।' उन्होंने कहा, 'आप जहां बहुत अच्छी क्वालिटी की रोड बना रहे हैं, वहां आपको यूजर फीस लेना चाहिए। अगर आप गड्ढों, मिट्टी की सड़क पर टोल ले रहे हैं, तो आपको लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एजेंसियों के अधिकारियों को टोल प्लाजा पर इंतजार करने वालों के 'दर्द' पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने ऐसे मैकेनिज्म पर भी बात की, जिसके चलते शिकायत दर्ज कराने और उसे खत्म करने में कम से कम समय लगे।



Bihar

## मॉनसून के दौरान आसमान से बरसी आफत, वज्रपात से एक दिन में 7 की मौत



**पटना, (एजेंसी)** बिहार में मॉनसून सीजन शुरू होते ही वज्रपात से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बीते 24 घंटे के भीतर राज्य में ठनका गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है। खराब मौसम के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से भागलपुर और मुंगेर जिले में मंगलवार को दो-दो लोगों की जान चली गई। जमुई, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण जिले में एक-एक शख्स की मौत हुई। इससे पहले सोमवार को भी बिहार में ठनका से 5 लोगों ने दम तोड़ा था। जानकारी के मुताबिक पूर्वी चंपारण जिले की चरगाहा पंचायत स्थित परशुरामपुर में खेत से लौट रहे 10 साल का बच्चा अपनी मां के सामने ही ठनका की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पडोस के पश्चिम चंपारण जिले के कंगली थाना स्थित वार्ड 12 में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से घर के दरवाजे पर बैठी ममता देवी (22) की मौत हो गई। उसके साथ बैठी बड़ी बहन की बेटी सनवेदा जख्मी हो गई। मुंगेर जिले के टेटिया बंबर प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात की चपेट में आने से पतघाघर निवासी 30 वर्षीय बौनू यादव की मौत हो गई। इसी जिले में गंगा पार दियारा से घर लौटने के दौरान ठनका गिरने से कल्याणटोला भेलवा गांव निवासी दिनेश सिंह की जान चली गई। सिमुलतला में दोस्तों के साथ जामुन बीनने गए 7 साल के बच्चे की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई।

Uttarpradesh

## आगरा में बहू पर आया सास का दिल, जबरन बनाए संबंध... अजीबोगरीब केस से पुलिस भी हैरान

**आगरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के आगरा (Agra) में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां सास का बहू पर दिल आ गया. आरोप है कि सास ने बहू के साथ संबंध (Physical Relations) बनाने के लिए जोर जबरदस्ती की और एक महीने तक कमरे में बंद रखा. इसी के साथ इस मामले की शिकायत मिलने के बाद जगदीशपुर थाने में केस दर्ज किया गया है.

बहू ने इस मामले को लेकर पुलिस से शिकायत की है. शिकायत में कहा गया है कि उसकी शादी साल 2022 में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में हुई थी. शादी के बाद उसे परेशान किया जाने लगा और तरह-तरह की प्रताड़ना दी जाने लगी. महिला का आरोप है कि उसकी सास ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए तरह-तरह से दबाव डाला. संबंध नहीं बनाने पर ब्लेड से हमला किया, जिससे हाथ कट गए.

महिला ने अपनी नंद पर भी आरोप लगाए हैं, जिसमें उसने कहा है कि नंद ने उसके सारे कपड़े छीन लिए, जिससे करीब एक महीने तक उसे एक ही ड्रेस में रहना पड़ा.

New Delhi

## पूर्वोत्तर और दक्षिण में बाढ़ से हाल बेहाल; जम्मू संभाग, पंजाब और बिहार में और दो दिन लू चलने के आसार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बेहद खराब हो गए हैं। असम में तो 1.75 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और वर्षाजनित घटनाओं में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं, पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर के जम्मू संभाग से लेकर उत्तर भारत के मैदानी राज्यों को अभी बारिश का इंतजार है। इन राज्यों में अभी और दो दिन लू चलने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आसमान में हल्के बादल छा रहे हैं, लेकिन बूंदाबांदी के चलते उमसभरी गर्मी से हाल बेहाल है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। अंडमान निकोबार द्वीप समूह, पश्चिमी मध्य प्रदेश, दक्षिण उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों, बिहार, पूर्वी राजस्थान, सौराष्ट्र और कच्छ, तमिलनाडु, केरल, तटीय कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में कहीं भारी तो कहीं बहुत अधिक मूसलाधार वर्षा हो रही है। असम में ब्रह्मपुत्र समेत कई सहायक नदियां उफान पर हैं और राज्य के नौ जिलों में पौने दो लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में आगामी चार दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 28 और 29 जून को प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

खेल

# भारतीय पर्वतारोहियों ने पीर पंजाल रेंज में गुप्त पर्वत को फतह किया, अब तक कोई नहीं हो सका था सफल

**कोलकाता, (एजेंसी)** भारतीय पर्वतारोहियों ने वो काम कर दिखाया जो अब तक इससे पहले कोई भी नहीं कर सका है। पश्चिम बंगाल के नौ पर्वतारोहियों की एक टीम ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले के पीर पंजाल रेंज में 5,988 मीटर की ऊंचाई पर स्थित एक चोटी गुप्त पर्वत को फतह किया। पर्वतारोहण टीम के क्लब ने यह जानकारी दी।



कोलकाता दक्षिण के बाहरी इलाके सोनारपुर में स्थित पर्वतारोहियों के क्लब सोनारपुर आरोही द्वारा संचालित तथा पर्वतारोही रूद्र प्रसाद हलदर के नेतृत्व में टीम लगभग आठ घंटे की चढ़ाई के बाद सुबह करीब 8.45 बजे गुप्त पर्वत की चोटी पर पहुंची। इस टीम में विश्व के सबसे युवा पर्वतारोही और प्रत्येक महाद्वीप की सात चोटियों तथा सात ज्वालामुखी चोटियों पर चढ़ने वाले भारत के पहले शख्स सत्यरूप सिद्धांत शामिल थे तथा इसमें एक महिला सदस्य दीपोश्री पॉल भी शामिल थीं। यह टीम तीन जून को कोलकाता से माउंट शिकार बेह (6,200 मीटर) और गुप्त पर्वत की चोटी पर चढ़ने के दोहरे लक्ष्य के साथ रवाना हुई थी, लेकिन पता चला कि जब पर्वतारोही चोटी पर जाने के लिए रास्ता बनाने में सफल हो गए, तभी हिमस्खलन के कारण महत्वपूर्ण चढ़ाई उपकरण नष्ट हो गए, जिसके कारण उन्हें शिखर पर चढ़ने की उम्मीद छोड़नी पड़ी। इसके बाद टीम ने गुप्त पर्वत को फतह करने पर ध्यान केंद्रित किया।

पर्वतारोहियों ने बताया कि इस पर्वत का नाम इसकी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण पड़ा है। यह चोटी हिमालय पर्वतमाला की अन्य चोटियों के बीच अदृश्य है, जिसके कारण इसकी तस्वीर लेना भी लगभग असंभव है। पर्वतारोहण सहायता दल के सदस्य दीपांजन दास ने बताया, टीम ने 5,285 मीटर की ऊंचाई पर शिविर स्थापित किया और पर्वत के पश्चिमी हिस्से के माध्यम से चोटी तक पहुंचने की योजना बनाई। पिछले तीन दिन से लगातार बर्फबारी के कारण पर्वतारोही चोटी तक पहुंचने के लिए समय का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने 25 जून को तड़के एक बजे शिखर पर चढ़ने की योजना बनाई।

सिनेमा

## वापस आ गई है स्त्री, चंदेरी में होगा भूतिया आतंक, 15 अगस्त होगी रिलीज




2018 की सरप्राइज हिट 'स्त्री' के सीक्वल का इंतजार जनता को पिछले कई साल से है. मेकर्स ने जब बताया कि ये फिल्म इस साल रिलीज होने वाली है तो ऑडियंस की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई. मेकर्स ने का टीजर, हॉरर यूनिवर्स की लेटेस्ट फिल्म 'मुंज्या' के साथ थिएटर्स में तो दिखाया, लेकिन अभी तक इसे इंटरनेट पर शेयर नहीं किया गया था. अब फाइनली 'स्त्री 2' का टीजर आ गया है और इसे देखकर लोगों को चंदेरी की वो कहानी फिर से याद आ जाएगी, जिसमें राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बैनर्जी और पंकज त्रिपाठी ने माहौल बना दिया था. 'स्त्री' के अंत में दिखाया गया था कि श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव के साथ चंदेरी की भूतनी, स्त्री को भगा देती हैं और चल देती हैं. मगर उस भूतनी की चुटिया, जिसमें उसकी शक्तियां हैं, वो श्रद्धा के ही पास नजर आती है. मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए लिखा, 'इस बार चंदेरी में आजादी के दिन होगा आतंक'. 'स्त्री 2' का टीजर श्रद्धा के ही आने से शुरू होता है. घरों के आगे बचाव के लिए लिखे 'ओ स्त्री कल आना' को एक हाथ काले पेंट से क्रॉस कर रहा है और चंदेरी में भूतिया आतंक लौट आया है.

Highlights

1. **Paracetamol among 52 drug samples to fail regulatory body's quality test**
2. **No restrictions on booking e-tickets due to different surnames: IRCTC**
3. **Govil folds hands as Opp'n heckles him & says 'You won by deceit'**
4. **Indian-origin man dies after being punched in face in US, attack caught on video**
5. **Tourists from Mangaluru assaulted by locals at Patlabetta**
6. **Which drug samples have failed quality test in India?**

# India's foreign assets increased more than liabilities in 2023-24: RBI data




**NEW DEIHI, (Agency).** India's has increased its overseas assets more than its foreign liabilities, largely due to a rise in reserve assets, according to Reserve Bank of India (RBI) data. Reserve assets accounted for 62.9% of India's international financial assets in March 2024.

What are reserve assets?

Reserve assets are assets such as foreign currencies or gold, that are liquid and can be easily accepted and transferred, especially across countries.

Reserve assets amounting to $23.9 billion ( ₹1.99 lakh crore) was the dominant component of the rise in Indian residents' overseas financial assets during the last quarter of the financial year 2023-24, followed by currency and deposits, and overseas direct investments, according to the RBI's press release.

What about India's foreign liabilities?

Most of the rise in foreign liabilities was due to inward portfolio investments, direct investments, and loans, which made up over three-quarters of the total increase in foreign liabilities during the year.

The ratio of India's international financial assets to its international financial liabilities improved however, reaching 74% in March 2024, compared to 71.4% in March 2023.

The RBI also mentioned that relative to the Gross Domestic Product (GDP) at current market prices, both India's reserve assets and the overseas financial assets and liabilities of residents increased during the financial year 2023-24.

The ratio of net claims of non-residents on India to GDP improved to -10.3% in March 2024 from -11.3% a year ago, and 11.6% two years ago. However, India's reserve assets and residents' overseas financial assets as well as liabilities both increased as a ratio to GDP.

# Gen Z relies on influencers and the comment section for news and fact checking: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Gen Z consumes important news primarily from influencers, and when it comes to actual news articles, they just read headlines and then scroll to the comments to see what others have to say, often skipping articles that are too long, a study by Google subsidiary Jigsaw revealed, according to a Business Insider article.



Why does Gen Z trust influencers and others' opinions more?

Gen Z users get most new information through their social media feeds, which run on algorithms to filter and provide content they care about, and from sources they trust and keep going back to.

They also doesn't want to see content that might force them to think too hard or emotionally upset them, often relying on social validation from their peers or the influencers they follow to ascertain the factfulness of the information, according to the report by Jigsaw, which studies online politics and polarization.

What platforms does Gen Z rely on for news?

Gen Z users are also found to be quite loyal to the influencers they follow, with TikTok and its young user base being a platform that they use to get a large amount of information from influencers.

# बॉयफ्रेंड ने दूसरी मंजिल से फेंका

## दूसरी लड़की से सगाई के बाद बात करने पहुंची थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने एक युवती के दूसरी मंजिल से गिरने के मामले में उसके बयान के बाद उसके बॉयफ्रेंड के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी के यहां सगाई को लेकर गुस्से में बात करने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी ने उसे धक्का दे दिया।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आजाद नगर में रहने वाली शिकायत पर पुलिस ने अमन वर्मा निवासी मनभावन नगर के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना 20 जून की है। युवती ने अस्पताल से हुए बयान में पुलिस को बताया कि वह ब्यूटी पार्लर में काम करती है। दो साल पहले इंस्ट्राग्राम से अमन से पहचान हुई थी। दोनो मिलने जुलने लगे। दोनो घूमने भी जाते थे। अमन ने शादी की बात की थी। लेकिन अप्रैल 2024 में उसने दूसरी लडक़ी से सगाई कर ली। इस बात की जानकारी 14 अप्रैल 2024 को लगी। इसके बाद फोन पर हमारा विवाद चलता रहा। 20 जून की सुबह फोन पर फिर से झगड़ा हुआ। अमन ने कहां कि घर आकर मां पिता से बात कर लो। तब उसके घर पहुंची। माता पिता वही थे। उनसे कहां कि अमन ने शादी का वादा किया था। हमारा झगड़ा होने लगा। यहां उनकी कहासुनी होने लगी। नीचे किरायेदार बात सुनकर उपर आ गए। इस पर अमन की मां ने कहां कि उपर चलकर बात करते है। उपरी मजिंल पर पहुंचे तो यहां बहस बाजी होने पर अमन ने एक दम से धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिसमें नीचे जमीन पर आकर गिरी। यहां से अमन ओर उसके माता पिता शकुंतला अस्पताल लेकर चले गए। वहां परिवार के लोगों को बुलाया तो अमन के परिवार से विवाद हुआ। अस्पताल के लोगों ने उपचार से इंकार कर दिया। इधर अमन ओर उसके माता पिता मौके से चले गए। बाद में एमवाय में उपचार चला। हादसे में दोनो पैर टूट गए। वही एक हाथ ओर रीड की हड्डी में फेक्चर हुआ है। होश में आने के बाद मंगलवार को पुलिस को बयान देकर पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने युवती के बयान के बाद अमन पर केस दर्ज कर लिया है।

# झांसा देकर किया शोषण, जनसुनवाई में शिकायत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हर मंगलवार को होने वाली पुलिस कमिश्नर जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक जमीन विवाद के साथ यौन शोषण के मामले जनसुनवाई में सामने आए हैं वहीं खजराना थाना क्षेत्र का है जहां एक महिला के द्वारा जनसुनवाई के दौरान लिखित शिकायत की है कि खजराना क्षेत्र में रहने वाला नौशाद अली पिता इकबाल द्वारा मुझे जान पहचान हुई थी इस दौरान नौशाद अली द्वारा मुझे नजदीकी यह बढने लगा और मुझसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। मेरे द्वारा जब भी शादी की बात करती थी तो मुझे मारपीट करना शुरू कर देता था। साथ ही नौशाद का परिवार भी उसका सहयोग करता था, वहीं पूरे मामले को लेकर मेरे द्वारा खजराना थाना पर इसकी शिकायत की गई लेकिन मेरी एक न सुनी जिसको लेकर सीएम हेल्पलाइन से लेकर आला अधिकारी तक इसकी शिकायत की गई है उसके बावजूद भी न्याय नहीं मिल पा रहा है वही पीड़ित महिला ने बताया कि नौशाद अली और उसका परिवार अब मुझे पर पुलिस शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं एवं बार-बार उनके ओर से धमकियां मिल रही है में शासन प्रशासन पुलिस महक के अधिकारियों से न्याय की गुजारिश करती हूं और जिन्होंने मेरा यौन शोषण किया है उन पर सख्त से सख्त शख्त कार्रवाई हो।

# राह चलती नाबालिग से छेड़छाड़

## पुलिस ने आरोपी युवक को लिया हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समीपस्थ पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र की घाटाबिलोद पुलिस चौकी क्षेत्र में मंगलवार को एक नाबालिग लडक़ी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, जहां लडक़ी के द्वारा पीथमपुर थाने में वर्ग विशेष युवक के खिलाफ एक शिकायत की गई। कक्षा 8वीं की नाबालिग छात्रा अपने छोटे भाई को सुबह स्कूल छोडक़र घर आ रही थी तभी घाटाबिलोद मुख्य मार्ग पर स्थित सब्जी की दुकान पर बैठा वर्ग विशेष का युवक ने नाबालिग से छेड़छाड़ कर जबरदस्ती मोबाइल फोन से युवती के साथ सेल्फी लेने लगा। बालिका ने इस बात का विरोध करते हुए पूरे मामले में युवती परिजन के साथ थाने पहुंच कर पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने तुरंत मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक निवासी घाटाबिलोद पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जांच में जुट गई है। चौकी प्रभारी सुशील यदुवंशी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग के साथ जबरदस्ती सेल्फी लेने और छेड़छाड़ की घटना घटित होने के बाद नाबालिग की शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है।

# दिल्ली के चार बदमाश पकड़ाए, 5 पिस्टल ओर 2 कारतूस मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के चार बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 5 देशी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस मिले हैं। आरोपियों से अभी पूछताछ की जा रही है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने साबिर पुत्र यासीन निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली वेस्ट, नवीन उर्फ तरुण पुत्र रघुवीर सिंह, विकास उर्फ विक्कू पुत्र राजकुमार टांक और संजीव कुमार उर्फ सचिन पुत्र प्रदीप शर्मा को सरवटे बस स्टैंड इलाके से पकड़ा है। आरोपियों के पास से 5 देशी पिस्टल ओर 2 जिंदा कारतूस मिले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम अभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# मंगेतर के साथ रह रही युवती ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के अकोलिया गांव में बीती रात एक युवती के फांसी लगाने की घटना सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंखे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। जहां मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया।**



उप निरीक्षक ओमप्रकाश बड़ोनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात अकोलिया के एक कमरे में युवती सीमा पिता रमेश उम्र 20 वर्ष का शव फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर कमरे में युवती की लाश को पंखे से उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। मृत युवती को पहचान सीमा पिता रमेश निवासी खरगोन के रूप में हुई। मृतिका के परिजनों को सूचना पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मृतक के परिजनों ने सीमा के मंगेतर नितिन पर आरोप लगाया है कि दोनों में विवाद के बाद नितिन ने ही सीमा को मार डाला है। फिलहाल पुलिस में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है विस्तृत जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दी जा सकेगी। मृतिका सीमा अपने मंगेतर के साथ बीते शुक्रवार पीथमपुर आई थी मृतक का मंगेतर नितिन पीथमपुर में कारखाने में काम करता था और परिजनों से झगड़ा कर सीमा को लेकर पीथमपुर आ गया था। मृतिका सीमा के भाई ने बताया की मृतिका सीमा पिता रमेश शुक्रवार शाम ही अपने मंगेतर के साथ पीथमपुर आई थी। मृतिका की तीन महीने पूर्व ही से सगाई हुई थी, सगाई से परिजन खुश नहीं थे परन्तु मृतिका और नितिन के प्रेम संबंध था इसलिए परिजनों ने सगाई करवा दी। बीती शुक्रवार मृतिका सीमा का मंगेतर उसे परिजनों की मर्जी के खिलाफ पीथमपुर ले आया था। बीती रात हमें थाने से फोन आया कि आपकी बहन का शव फांसी पर लटका मिला है। मेरी बहन अपने मंगेतर के साथ पीथमपुर आई थी और जब से ये घटना घटी है, तब से वह फरार है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक